मूल वाद में डिक्री

(आदेश 20 के नियम 6 और 7)

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) भादरा

(पीठसीन अधिकारी प्रशासन गांव के संग/कैम्प कोर्ट 2021)

पीठसीन अधिकारी :– श्रीमती शकुन्तला चौधरी आर0ए0एस0

उनवान

हरनाथसिंह बनाम बाघोदेवी

दावा बाबत :– 88 RTACT

मुकदमा नम्बर :– 330/2021

निर्णय दिनांक :– 11-11-2021

वादी की ओर से वकील शिवानसिंह की व प्रतिवादी सं0 1C113 की ओर से वकील की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 11-11-2021 को मुझ शकुन्तला चौधरी सहायक कलक्टर फास्ट ट्रैक भादरा के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर आदेश दिया जाता है कि रोही चक 7752 के खाता सं. 124/105 मु.न. 65, 68 कुल 1.6820 है० बारानी नहरी मय खाता में स्व रावताराम के नाम 1/24 हिस्सा व चक 8752 के खाता सं. 35/194 मु.न. 134 कुल 3.2890 है० में स्व० रावताराम के नाम 1/24 हिस्सा व चक 9752 के खाता सं. 284/307 के मु.न. 38, 39, 52, 53 कुल 8.7410 है० बारानी में स्व० रावताराम के नाम 1/24 हिस्सा, चक 10752 के खाता सं. 251/203 के मु.न. 56 कुल 1.5180 है० बारानी खातेदारी में स्व० रावताराम के नाम 1/4 हिस्सा, व चक 10752 के खाता सं. 47/204 के मु.न. 55, 56, 61, 62, कुल 27830 है० बारानी खातेदारी में स्व० रावताराम के नाम 1371/11132 हिस्सा व चक 10752 के खाता सं. 157/162 के मु.न. 154, 162, कुल 6.3250 है० बारानी खातेदारी में स्व० रावताराम के नाम 1/24 हिस्सा राजस्व रिकार्ड में दर्ज है में से स्व० रावताराम का नाम कलमजन किया जाकर वादीगण सं. 1 हरनाथसिंह 2. जयसिंह 3. उमेशकुमार को बहिस्सा बराबर के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है चूंकि प्रतिवादी सं. 1, 2, 3 ने अपना सम्पूर्ण हक व हिस्सा वादीगण के पक्ष में त्याग कर शून्य कर लिया है इसलिए त्याग किये गये हिस्से पर पंजीयन विभाग को देय पंजीयन शुल्क अदा करने व रहनमुक्त होने के उपरान्त ही राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे। राजीनामा को डिक्री का भाग पढा जावे।

खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 11-11-2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Signature Not Verified

Digitally signed by Shakuntala
Date: 2021.12.29 10:33:28 IST
Reason: SelfAttested

(शकुन्तला चौधरी)

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक)
(शिविर प्रभारी)
भादरा जिला हनुमानगढ़

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) भादरा
प्र.गा. के संग अ.-2021
कैम्प 27/11/21

Scanned with CamScanner